हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा

04 शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की दो छात्राओं ने ...



07 टीईटी कानून के विरोध में शिक्षक शिक्षिकाएं ...



## खबर संक्षेप

### नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल के छात्र विवेक खजुरिया नगर में प्रथम




**कानड़।** नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र विवेक पिता हरिनारायण खजुरिया ने मा.शि.मं. द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में 96.6% अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कविता चौहान ने 95%अंक व अल्फिजा शिशगर ने 94.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विशाल खजूरिया ने 92.8%, वंशिका मुकाती ने 91.4%, अमित राठौर ने 90.2% निशा चौहान ने 88%, सलोनी पाठक ने 87.6%, पायल झलाया ने 85.8% व मोहम्मद साद ने 83.6% अंक प्राप्त कर अपना दबदबा कायम रखा। कक्षा 12वी साइंस ग्रुप में अंजलि आर्य व गोविंद पंवार ने 79.4% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शुभम पटेल ने 77.8% अंक प्राप्त कर दूसरा व रोशन शर्मा 77.2% अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, पंचायत और कंस्ट्रक्शन कंपनी की सांठगांठ से शासन को लाखों के राजस्व का नुकसान

# मुरम घोटाला: गहरीकरण के नाम पर तालाब का सीना चीरा, फोरलेन में खपाई 2000 डंपर मुरम!

बैफिक्र दिखा जिला मुख्यालय स्थित माइनिंग विभाग








हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय की नाक के नीचे सरकारी तंत्र की मिलीभगत का एक बड़ा मामला सामने आया है। मुख्यालय के नजदीकी ग्राम बरखेड़ी में 'तालाब गहरीकरण' के नाम पर सरकार को लाखों रुपये की रॉयल्टी का चूना लगा दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां से करीब 2000 डंपर मुरम खोदकर निकाल ली गई और जिम्मेदारों ने जांच तक करना मुनासिब नहीं समझा।

बता दें बरखेड़ी तालाब में चली जेसीबी मशीनों ने न केवल जमीन का सीना चीरा, बल्कि कायदे-कानूनों को भी तांक पर रख दिया। ग्रामीणों ने सीधा आरोप लगाया है कि शर्मा कंस्ट्रक्शन ने पंचायत के साथ साठ-गांठ कर बिना अनुमति के भारी मात्रा में मुरम निकाली। इस अवैध मुरम का इस्तेमाल बिलिकसगंज-सीहोर फोरलेन मार्ग के निर्माण में किया गया है। सवाल यह उठता है कि करोड़ों के टेंडर वाले प्रोजेक्ट में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की रॉयल्टी आखिर किसकी जेब में गई।

#### सरपंच ने बताया ग्रामीणों का हित

मामले में जब सरपंच प्रतिनिधि महेश शर्मा से सवाल किए गए तो उन्होंने इसे ग्रामीणों का हित बताया। उनका कहना है कि तालाब के गहरीकरण से जल संचय बढ़ेगा और पंचायत ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर इसकी अनुमति दी है। जबकि इधर हैरानी की बात यह है कि पंचायत के पास व्यवसायिक उपयोग में मुरम निकालने की अनुमति देने का कोई कानूनी अधिकार ही नहीं है।

#### क्या कहते हैं नियम, पंचायत के पास नहीं है अधिकार

सीमित अधिकार: पंचायत केवल कुम्हारों या निजी घरेलू उपयोग के लिए सीमित मिट्टी की अनुमति दे सकती है।
व्यावसायिक नियम: सड़क निर्माण जैसे कार्यों के लिए खनिज विभाग और कलेक्टर कार्यालय से अस्थायी अनुमति लेना अनिवार्य है।
अनिवार्य रॉयल्टी: इतनी बड़ी मात्रा में खनिज निकालने पर शासन को रॉयल्टी देना जरूरी है, जिसे वसूलने का हक पंचायत को नहीं है।

#### रायल्टी चुकाई, तब की खुदाई

वहीं प्रोजेक्ट इंचार्ज राजेश शर्मा का कहना है कि उनके पास जून 2025 तक की माइनिंग परमिशन थी और रॉयल्टी चुकाई गई है। उनका दावा है कि ग्राम पंचायत और ग्रामीणों की मांग पर हाल ही में केवल 20-25 डंपर ही निकाले गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत व ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के गहरीकरण से बरसात का पानी अधिक सिंचित हो सकेगा, जिससे उन्हें लाभ होगा।

#### अवैध उत्खनन की श्रेणी

नियमों के अनुसार यदि पंचायत ने बिना माइनिंग विभाग की तकनीकी स्वीकृति और रॉयल्टी जमा किए खुदाई कराई है तो यह सीधे तौर पर अवैध उत्खनन की श्रेणी में आता है। इसमें न केवल मशीनें और वाहन जब्त करने का प्रावधान है, बल्कि संबंधित सरपंच और सचिव पर पद के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता की कार्रवाई भी हो सकती है। फिलहाल मुख्यालय के इतने करीब हुए इस बड़े खेल पर माइनिंग विभाग की खामोशी कई सवाल खड़े कर रही है।

# वेयर हाउसिंग का बड़ा खेल: ब्लैक लिस्टेड केंद्रों पर सरकारी मेहरबानी, तिजोरी को लग रहा चूना

### कलेक्टर के आदेश के बाद भी भरा है सरकारी माल, बगल में दूसरे नाम से खोला नया वेयरहाउस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन की कार्यप्रणाली फिर कठघरे में है। कलेक्टर द्वारा नियमों की अनदेखी पर चार वेयरहाउसों को ब्लैकलिस्टेड और वर्ष 2026-27 के लिए सस्पेंड करने के बावजूद उनमें आज भी सरकारी गेहूं का स्टॉक भरा है। सरकारी खजाने से इनके मालिकों को लाखों रुपये किराया दिया जा रहा है।

#### कौन से वेयरहाउस ब्लैक लिस्टेड?

पिछले साल गेहूं उपार्जन के दौरान बद्रीनाथ वेयरहाउस चरनाल, सुमित वेयरहाउस जावर, रामानुज वेयरहाउस चरनाल और सिद्धि विनायक वेयरहाउस आष्टा में भारी गड़बड़ी पाई गई थी। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ने इन चारों केंद्रों को ब्लैकलिस्टेड कर दिया था।

#### नियमों की खुली अनदेखी

नियमों के मुताबिक ब्लैकलिस्टेड वेयरहाउसों से सरकारी माल तुरंत खाली कराया जाना चाहिए। लेकिन सस्पेंशन के बावजूद इन वेयरहाउस में अभी भी गेहूं का स्टॉक जमा है। सवाल उठ रहा है कि जब केंद्रों को अपात्र घोषित कर दिया गया तो सरकारी खजाने से इन्हें किराया क्यों दिया जा रहा है।

#### नया नाम, वही मालिक का खेल

मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू चरनाल में सामने आया। बताया जा रहा है कि ब्लैकलिस्टेड वेयरहाउस एक भाजपा नेता का है। अब उसी परिसर में एक नया सेंटर खोल लिया गया। सूत्रों के अनुसार प्रोपराइटर का नाम बदलकर इसका चयन किया गया, जबकि असल मालिकाना हक एक ही है। हैरानी की बात यह है कि इस नए नाम वाले वेयरहाउस को इस साल खरीदी के लिए चयनित भी कर लिया गया और वहां काम शुरू हो चुका है।

#### जांच समिति की भूमिका पर सवाल

जिले के 240 वेयरहाउसों की जांच के लिए समिति बनाई गई थी। लेकिन ब्लैकलिस्टेड केंद्रों के बगल में नए नामों से समानांतर खेल चलने से जांच समिति की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर जांच में इन बारीकियों को क्यों नजरअंदाज किया गया, यह बड़ा सवाल है।

#### अधिकारियों के गोलमोल जवाब

इस पूरे मामले पर अधिकारियों ने पल्ला झाड़ने वाले जवाब दिए। नोडल अधिकारी इमरतलाल सूर्यवंशी का कहना है, ₹कोई भी व्यक्ति अलग नाम से वेयरहाउस ले सकता है। समितियों और आपूर्ति विभाग का काम है कि वे इसकी जांच करें।₹ माल न उठाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि 2024 का माल उठ चुका है, लेकिन 2025 का माल केंद्र तय करता है कि कब उठाना है। श्यामपुर वेयरहाउस की शाखा प्रबंधक दीप्ति सिंह ने कहा, प्रोपराइटर बदलकर कोई भी आवेदन कर सकता है। अगर इसमें कोई गड़बड़ी पाई जाती है या नियमों का उल्लंघन होता है तो हम इसकी जांच कराएंगे।

# कमला सागर के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





इस वर्ष घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में कमला सागर विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10वीं में विद्यालय के मेधावी छात्र आनंद भिलाला ने 96.6% अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं के विभिन्न संकायों में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

विज्ञान संकाय में अनिशा पाटीदार ने 91.6%, वाणिज्य संकाय में रिद्धि जैन ने 90.8% तथा कृषि विज्ञान में रोहित बडाल ने 85.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विद्यालय के कई अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए, जिनमें नैना पाटीदार (95.6%), शिवम पाटीदार (95.4%), रोहन मालवीय (94.8%), मुदित पांड्या (93.6%), स्नेहा सोनी (93.2%), आदित्य धाकड़ (93%), भावना चौधरी (92.6%), शिवम रावल (92.6%), विद्या मालवीय (92%), देवराज (91.4%), आदर्श सोनी (91.2%), अर्पिता शर्मा (91.2%), मोहम्मद अलवीर (91.2%), सलोनी पाटीदार (90%) एवं अनिशा सेन (90%) शामिल हैं। विद्यालय का परिणाम विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा, जहाँ वाणिज्य संकाय का परिणाम 100 प्रतिशत दर्ज किया गया। साथ ही कक्षा 10वीं के 50 विद्यार्थियों एवं कक्षा 12वीं के 60 विद्यार्थियों ने 75% से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यालय परिवार ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

#### रवि शुक्ला को सुयश



**नलखेड़ा।** रवि शुक्ला पिता योगेश शुक्ला ने कक्षा 12वीं गणित संकाय में 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। रवि की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों व इष्टमित्रों ने बधाई देते हुवे उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गुरुकुल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में लहराया परचम










**नलखेड़ा।** गुरुकुल कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने मप्र शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा परिणाम में परचम लहराया है। छात्रा वेदिका पिता जगदीश पालीवाल ने कक्षा 12वीं गणित संकाय में 500 में से 477 अंक प्राप्त कर 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा एवं नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं जीव विज्ञान संकाय में खुशी पिता दीपक सोनी ने 500 में से 458 अंक प्राप्त कर 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में प्रियंका गुर्जर पिता अजब सिंह ने 500 में से 89.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के 68 में से 49 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। 12वीं का परीक्षा परिणाम लगभग 87 प्रतिशत रहा। विद्यालय का कक्षा 10वीं परीक्षा परिणाम 88 प्रतिशत से अधिक रहा। कुल 60 विद्यार्थी में से 51 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुवे। कक्षा 10 वीं में अनुष्का पाटीदार पिता वल्लभप्रसाद ने 500 में से 483 अंक प्राप्त कर 96.6 प्रतिशत अंक के साथ नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।





#### आनंद व नियति को सुयश

नलखेड़ा। कमला सागर हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र आनंद पिता जानकीलाल भिलाला ने कक्षा 10वीं में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। वहीं गुरुकुल कान्वेंट स्कूल की छात्रा नियति सकलेचा ने कक्षा 10वीं में 86.6 प्रतिशत प्राप्त कर सुयश प्राप्त किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं मित्रों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जैन आराधना भवन में चल रहे प्रवचन में गुरुवर्या ने कहा...

# वाणी महरम व घाव दोनों का काम करती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



उपकार करने वाले उपकारी के उपकार को हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। अपकारी के प्रति क्षमा भाव को धारण करना कठिन है, लेकिन हमें उनके प्रति भी क्षमा भाव रखना चाहिए। संत हमें सत्य का दर्शन कराने के लिए ही आते हैं। वाणी महरम व घाव दोनों का काम करती है। जीवन में धर्म को स्थान देते हुए देव गुरु धर्म के उपकार को याद कर परमात्मा की वाणी का श्रवण करना चाहिए।

जैन आराधना भवन में चल रहे प्रवचन के दौरान गुरूवर्या चंदनबाला श्रीजी तथा रत्ननिधि म.सा. ने उपस्थित समाज जनों के समक्ष यह बात कही। साध्वीजी ने कहा कि जीवन में यदि किसी ने हमारे ऊपर उपकार किया है तो हमें उस उपकारी के उपकार को कभी नहीं भूलना चाहिए। वही जिसने कभी भी किसी भी तरह हमारा अपकार किया है तो भी हमें उसके प्रति क्षमा के भाव ही रखना चाहिए। दुनिया में जितने भी महापुरुष हुए हैं उन्होंने अपकार करने वालों के प्रति भी क्षमा के भाव रखे हैं। उन्होंने कहा कि संत सत्य का दर्शन कराने वाले तथा अंत की बात का अंत बताने वाले होते हैं। पूर्वकृत कर्मों के उदय के चलते हमें इस जीवन में सभी के अपकार का सामना करना पड़ता है।

साध्वी जी ने कहाकि वाणी को सोचकर बोलना चाहिए क्योंकि वाणी ही आदमी को ऊंचाइयों के शिखर पर पहुंचा सकती है तो नीचे गर्त में भी पहुंचा सकती है। अच्छी मधुर तथा मीठी वाणी महरम पट्टी का काम करती है तो कटु वाणी घाव का काम भी कर सकती है। वचनों का घाव किसी को सहन नहीं होता है। यदि हम किसी के कटु वचनों को सहन नहीं कर सकते तो हमें दूसरे के प्रति भी कटु वचन नहीं बोलना चाहिए जिससे उसके मन को ठेस पहुंचे। इस पर हमें चिंतन करना चाहिए। उन्होंने कहाकि परमात्मा के वचनों के अनुसार हमें यहां दुर्लभ मानव जीवन यापन करते हुए जीवन में देव गुरु धर्म के उपकार को याद कर परमात्मा की वाणी का श्रवण करे। उन्होंने कहा जीवन में कई उतार चढ़ाव आते हैं इसके बाद भी हमारा जीवन पतन के गर्त में न गिर जाये इसका हमें ध्यान रखना चाहिए। हमारे जीवन में जिन-जिन का भी उपकार रहा हमें जीवन में कभी भी उनकी कृतज्ञता को भूलना नहीं चाहिए।

#### दादागुरुदेव पूजन का कार्यक्रम

जैन आराधना भवन में बुधवार को गुरूवर्या चंदनबाला श्रीजी की प्रेरणा से अटल मीनल सकलेचा द्वारा अपनी 25वीं विवाह वर्षगांठ के अवसर पर दादा गुरुदेव का पूजन कार्यक्रम रखा गया। साध्वी मंडल के साथ हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पूजन पढ़ाई गई। पूजन के दौरान दादा गुरुदेव की प्रतिमा के समक्ष बनाई गई सुंदर गहूली पर पूजन सामग्री चढ़ाई गई। लाभार्थी परिवार द्वारा पूजन कर आरती भी की गई। प्रभावना वितरण की गई।


## कार्यालय नगर परिषद् नलखेड़ा जिला -आगर-मालवा (म.प्र.)

क्रमांक / निर्माण/ ई-टेण्डरिंग/2026/186 — नलखेड़ा, दिनांक 15-04-2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् नलखेड़ा द्वारा नीचे दिये निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने है। जिसकी ई-निविदा ऑनलाईन टेण्डर ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पोर्टल http:/mptenders.gov.in के माध्यम से यू.ए.डी.डी. एस.ओ.आर. 02 अगस्त 2021 से लागू दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| क्र | ऑनलाईन टेंडर नं. | कार्य का नाम | अनुमान पत्रक (लाख मे) | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD_500306_1 | वार्ड क्र. 06 पुलिया निर्माण कार्य। | 39.59 | 29700 | 5000 | 6 माह |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 15-04-2026 से 29-04-2026

निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 29-04-2026 एवं उक्त निविदा दिनांक 30-04-2026 को ऑनलाईन खोली जावेगी। निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिये जाकर वेबसाइट पर ही जारी किये जायेंगे। केवल उपरोक्त वेब साइट से ही ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र क्रय किये जा सकते है।

नोट :- निविदा की विस्तृत शर्ते एवं प्राक्कलन का अवलोकन कार्यालयीन समय मे कार्यालय मे प्राप्त कर सकते है।

(अंतिम विजय सोनी)
अध्यक्ष
नगर परिषद् नलखेड़ा

(मिनी अग्रवाल)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् नलखेड़ा

## खबर संक्षेप

### रिद्धिमा, निवेदिता ने किया नाम रोशन

**भौरासा।** माशिमं द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा कक्षा 12 वीं में निजी स्कूल की छात्रा रिद्धिमा पिता शांतिलाल कुमावत ने 80% प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं में निजी स्कूल की छात्रा निवेदिता पिता शांतिलाल कुमावत ने कक्षा 10 वीं में 86% प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल, शिक्षक व परिवार का नाम रोशन किया। उनकी उपलब्धि पर विद्यालय परिवार एवं इष्ट मित्रों ने बधाई दी। इस अवसर पर दशरथ धाकड़, दिनेश यादव, ब्रजमोहन राठौर ,भौरासा प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय नागर, निक्की नामदेव, चेतन यादव, राजेंद्र यादव, संतोष जायसवाल, प्रदीप मंत्री, बद्रीलाल लोधी, प्रमोद पालीवाल आदि ने इन्हें बधाई दी।

### सांदीपनि की छात्रा ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**देवास।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में सांदीपनि विद्यालय देवास की छात्रा गरिमा राजपूत ने जिले की प्रवीण सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सफलता का परचम फहराया। बुधवार को घोषित माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में सांदीपनि विद्यालय के छात्रों ने पुनः उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं में कुल 126 छात्रों में से 116 छात्रों ने सफलता हासिल की। जिसमें 102 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। छात्रा गरिमा राजपूत ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जिले की मेरिट लिस्ट में भी द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं के कुल दर्ज 168 छात्रों में से 160 छात्रों ने सफलता हासिल की । 156 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया। छात्र जतिन परमार ने 93.6 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य देवेन्द्र बंसल एवं सभी मार्ग दर्शक शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामना दी और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### प्रदेश की मेरिट लिस्ट में तीन छात्राओं ने स्थान लाकर जिले का नाम किया रोशन

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की दो छात्राओं ने प्रदेश में मारी बाजी, भौरासा की छात्रा ने प्रदेश में जिले का बढ़ाया मान





### 98.2% लाकर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में अक्षरा ने हासिल किया नौवां स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित हुआ। रिजल्ट में देवास जिले की बेटियों ने एक बार फिर से नाम रोशन किया। प्रदेश की मेरिट सूची में तीन छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है। घोषित परिणामों में कक्षा दसवीं की दो व 12वीं की एक छात्रा शामिल है। कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट विद्यालय देवास की वाणिज्य संकाय की छात्रा राशि माली ने 96.8% अंक प्राप्त करके सातवां स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं में विजयागंज मंडी क्षेत्र के निजी स्कूल की छात्रा अक्षरा शिंदे ने 500 में से 491 अंक प्राप्त करके नौवा स्थान हासिल किया है। उत्कृष्ट विद्यालय देवास की दसवीं की छात्रा पलक नामदेव ने 500 में से 490 अंक प्राप्त करके प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया। पलक को जैसे ही पता चला कि प्रदेश में दसवां स्थान मिला है तो खुशी से आंखें भर आई।





#### भौरासा की बालिका ने लहराया परचम

**भौरासा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित हुआ। परीक्षा परिणाम में जिले की बेटियों ने एक बार फिर से नाम रोशन किया। प्रदेश की मेरिट सूची में तीन छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया है। इसमें कक्षा दसवीं की दो व 12वीं की एक छात्रा शामिल है। कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट विद्यालय देवास की वाणिज्य संकाय की छात्रा राशि पिता संजय माली भौरासा ने 96.8% अंक प्राप्त करके प्रदेश मे सातवां स्थान प्राप्त किया है कक्षा 12 वीं में प्रदेश की मेरिट में सातवां स्थान प्राप्त करने वाली राशि मूल रूप से भौरासा नगर की रहने वाली है जब राशि से मीडिया ने चर्चा की तो उन्होंने बताया कि वह आगे चलकर सीए बनना चाहती हैं और उन्होंने ने कहा की मोबाइल फोन का उपयोग पढ़ाई के लिए किया व कई टापिक इंटरनेट के माध्यम से समझे राशि के पिता संजय माली भौरासा नगर मे एक किराना दुकान चलाते है। छात्रा की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और अभिभावकों में खुशी की लहर है। जहां राशि का देवास में विद्यालय सहित अन्य जगहों पर पुष्प माला एवं गुलदस्ता से स्वागत सम्मान हुआ तो वही राशि जैसे ही भौरासा नगर पहुंची तो उनके परिवार व मित्रों द्वारा भी आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रमेश दीवानजी, कमलेश नामदेव,डॉ मोहन माली, डॉ संजय माली, मोहनलाल विश्वकर्मा, संतोष माली, सहित आदि मौजूद रहे।


#### कांटाफोड़ स्कूल के छात्रों ने किया प्रदर्शन

**कांटाफोड़।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांटाफोड़ के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता की नई मिसाल पेश की है। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों ने मेहनत और लगन से अच्छे परिणाम हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल परीक्षा में कुल 118 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 62 विद्यार्थी सफल रहे । इनमें 30 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में स्थान प्राप्त किया, जो उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है, जबकि 32 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता अर्जित की। इस परीक्षा में देवेंद्र रामेश्वर तोमर ने 81.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं हायर सेकंडरी परीक्षा में भी विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। कुल 129 विद्यार्थियों में से 65 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें 42 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की, जबकि 23 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में स्थान बनाया। हायर सेकंडरी में रवीना कमल मीणा ने 81.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही, यह विश्वास जताया है कि आने वाले वर्षों में विद्यार्थी और भी बेहतर प्रदर्शन कर संस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

### अमरनाथ यात्रा पंजीयन में अव्यवस्थाः पहले दिन ही भीड़ और हंगामा

**देवास।** जिले में 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल से पंजीयन शुरू होते ही अव्यवस्था देखने को मिली। जिले में केवल एक पंजीयन केंद्र होने के कारण पहले ही दिन भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालु मंगलवार रात से ही बैंक के बाहर पहुंचने लगे और कई लोगों ने वहीं दरी बिछाकर रात गुजारी। सुबह तक 300–400 लोग लाइन में लग चुके थे, जबकि सिर्फ 50 टोकन देने की बात सामने आई, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। यात्रियों ने पानी और पुलिस व्यवस्था नहीं होने की शिकायत की। टोकन कम और भीड़ ज्यादा होने के कारण मौके पर विवाद और हंगामे की स्थिति बनी रही।

### सेन थॉम एकेडमी का CBSE कक्षा 10 में शानदार प्रदर्शन, आदित्य ने 99.2% के साथ किया टॉप




**देवास।** सेन थॉम एकेडमी ने एक बार फिर CBSE कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है।आदित्य गोयल ने 99.2% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। पाँच छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100/100 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। आदित्य गोयल ने गणित और हिंदी में पूर्णांक प्राप्त किए, जबकि त्रिशा देवांगन और अविका श्रीवास्तव ने सूचना प्रौद्योगिकी में, पलकेश सांवलिया ने गणित में तथा प्रणव गंजिवाले ने डेटा साइंस में 100 में 100 अंक हासिल किए।विद्यालय का समग्र परिणाम भी अत्यंत उत्कृष्ट रहा, जहाँ पाँच छात्रों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए। इनमें आदित्य गोयल (99.2%), अविका श्रीवास्तव (96.8%), त्रिशा देवांगन (96.8%), मुदिता उदैनिया (95.6%) और विवेक वाधवानी (95.2%) शामिल हैं। कुल 18 छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 60 छात्रों ने 80% से अधिक अंक हासिल किए, जो विद्यालय की निरंतर शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी छात्रों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी। साथ ही, इस उपलब्धि में अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की।

# सैटेलाइट पद्धति से गेहूं खरीदी स्लॉट बुकिंग में आ रही समस्या पर भड़का किसान संघ, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांटाफोड़

भारतीय किसान संघ द्वारा गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग में सैटेलाइट पद्धति से उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं को लेकर बुधवार को जोरदार विरोध दर्ज कराया गया। किसानों को हो रही परेशानियों के निराकरण की मांग को लेकर संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में लागू सैटेलाइट आधारित स्लॉट बुकिंग प्रणाली के कारण किसानों को समय पर स्लॉट नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी फसल खरीदी प्रभावित हो रही है। तकनीकी खामियों और जटिल प्रक्रिया के चलते किसानों को बार-बार प्रयास करना पड़ रहा है, जिससे समय और संसाधनों की भी बर्बादी हो रही है। इस मुद्दे की गंभीरता को देखते हुए किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार से भी विस्तृत चर्चा की और समस्याओं का शीघ्र



समाधान करने की मांग रखी। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो भारतीय किसान संघ उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस दौरान जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश टांडी, जिला कार्यालय मंत्री लखन सिंह राठौड़, जिला कोषाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया, जिला जैविक प्रमुख डॉ. सुनील जलाँद्रे एवं कन्नौद नगर अध्यक्ष आदर्श शुक्ला सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। किसान संघ ने प्रशासन से मांग की है कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाए, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सीएम से मिलीं नपाध्यक्ष, विकास कार्यों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

बागली नगर परिषद अध्यक्ष सीमा यादव एवं नगर पालिका अध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव ने भोपाल स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान बागली नगर में चल रहे विकास कार्यों एवं आगामी योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष सीमा यादव ने मुख्यमंत्री का बागली नगर के लिए स्वीकृत विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि की जानकारी लेते हुए पूछा कि 10 करोड़ रुपये की



राशि प्राप्त हुई या नहीं। इस पर अध्यक्ष ने बताया कि राशि को स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव ने नगर में जारी विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया किबागली में निरंतर विकास कार्य प्रगति पर हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए कार्यों की सराहना की। कमल यादव ने बताया कि जनता ने उन्हें विकास के लिए चुना है और वे इस जिम्मेदारी पर पूरी तरह खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि नगर में लगभग 50 निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिल चुकी है। इनमें थाना चौराहे से जेल के आगे नगर सीमा तक सड़क चौड़ीकरण, शिवाजी चौराहा, थाना चौराहा और बेहरी फाटा का सौंदर्यीकरण, कॉलेज ग्राउंड में खेल स्टेडियम निर्माण सहित विभिन्न वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण के कार्य शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन सभी कार्यों के लिए जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। इस अवसर पर नगर परिषद बागली के ब्रांड एम्बेसडर मुकेश गुप्ता भी उपस्थित रहे।

### बागली की दो परियोजनाएं बिना अधिकारियों के ठप, चार माह में चार प्रभारी बदले

# कुपोषण मुक्ति और महिला सशक्तिकरण की योजनाएं प्रभावित







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए सरकार भले ही करोड़ों रुपए खर्च कर रही हो, लेकिन बागली क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारियों की कमी से योजनाएं धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की बागली घाट ऊपर और घाट नीचे परियोजनाएं पिछले कई महीनों से बिना परियोजना अधिकारी (CDPO) के संचालित हो रही हैं। ऐसे में पूरा काम सुपरवाइजरों के भरोसे चल रहा है, जिससे व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। परियोजना अधिकारी रामप्रवेश तिवारी के 24 दिसंबर 2025 को निलंबन के बाद से कार्यालय में स्थायी नियुक्ति नहीं हो सकी है। पिछले चार माह में चार अलग-अलग सुपरवाइजरों—ललिता जाट, अनामिका राजपूत, अनीता दुबे और वर्तमान में कौशल्या मालवीय—को प्रभार दिया गया, जिससे कार्यप्रणाली अस्थिर हो गई है।

#### भर्ती प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल

वर्तमान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया प्रस्तावित है। नियमानुसार इसमें CDPO की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में बिना स्थायी अधिकारी के भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### आदिवासी क्षेत्र में बढ़ी चिंता

घाट नीचे परियोजना, जो आदिवासी बाहुल्य और संवेदनशील क्षेत्र है, वहां भी स्थिति चिंताजनक है। यहां परियोजना अधिकारी के रिटायर होने के बाद से अब तक स्थायी नियुक्ति नहीं हुई है और पूरा दायित्व सुपरवाइजर श्यामा भार्गव पर है। कुपोषण जैसी गंभीर समस्या वाले क्षेत्र में यह व्यवस्था अपर्याप्त साबित हो रही है। स्थायी CDPO के अभाव में कुपोषित बच्चों की पहचान और उपचार, लाड़ली लक्ष्मी एवं लाड़ली बहना जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन और मैदानी अमले पर प्रशासनिक नियंत्रण प्रभावित हो रहा है। हितग्राहियों को तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना पड़ रहा है।

# ओखलेश्वर धाम में 22 अप्रैल से गूंजेगी श्रीराम कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांटाफोड़



सिद्ध ओखलेश्वर धाम स्थित अखिलेश्वर मठ में इस वर्ष एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक अवसर का आयोजन होने जा रहा है। वर्ष 1976 से निरंतर चल रहे अखंड श्रीरामचरितमानस पारायण के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह बड़े ही भव्य स्वरूप में मनाया जाएगा। इसी कड़ी में 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में प्रख्यात कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर के श्रीमुख से प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक श्रीराम कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए भोजन एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है। वहीं बदलते मौसम और संभावित बारिश को ध्यान में रखते हुए कथा स्थल पर वाटरप्रूफ टेंट लगाया जाएगा। गर्मी से राहत के लिए कूलर की भी व्यवस्था की जा रही है, साथ ही दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस भव्य धार्मिक आयोजन में पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी की गरिमामयी उपस्थिति भी रहेगी, जिससे कार्यक्रम की शोभा ओर बढ़ेगी। ओखलेश्वर धाम में होने वाला यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा का भी संचार करेगा। श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह और उमंग देखी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अपना दल (क) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत



**ललितपुर।** अपना दल (कमेरावादी) के प्रदेश अध्यक्ष डा.सी.एल. पटेल की संस्तुति पर महेंद्र पटेल (बरोदा) को ललितपुर जिले का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पदभार ग्रहण करने के पश्चात जनपद में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। रेलवे स्टेशन पहुँचने पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ अपने नए जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। यहाँ से महेंद्र पटेल एक विशाल काफिले के साथ रवाना हुए। उन्होंने सामाजिक न्याय और राष्ट्र गौरव के प्रतीक रानी अवंती बाई लोधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, कर्पूरी ठाकुर और बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्तियों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान देवेन्द्र पटेल (जिला महासचिव), सुजान पटेल (कोषाध्यक्ष), सेठ सुजान पटेल, रामस्वरूप पटेल, नत्थू अहिरवार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### राजकुमारी के निधन पर शोक जताया

**ललितपुर।** अमर हिन्दी गाने ग्रुप की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कैम्प कार्यालय में ग्रुप के एडमिन अतुल मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सांसद कार्यालय प्रभारी एवं ग्रुप के संस्थापक सदस्य दिनेश गोस्वामी की धर्मपत्नी राजकुमारी गोस्वामी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक को संबोधित करते हुए ग्रुप के एडमिन अतुल मालवीय ने कहा कि राजकुमारी गोस्वामी का निधन समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने बताया कि वे लंबे समय से बीमारी से संघर्ष कर रही थीं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति दें। संस्थापक सदस्य सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती गोस्वामी मृदुभाषी, सरल स्वभाव एवं धर्मपरायण व्यक्तित्व की धनी थीं। उनका जीवन सदैव प्रेरणास्पद रहेगा। बैठक में सहावेन्द्र प्रताप सिंह, सुबोध शर्मा, संदीप तिवारी, राजेन्द्र मोहन दुबे, अनिल शिवहरे, अक्षय किलेदार, अनिल सराफ सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### बाबासाहेब अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई



**ललितपुर।** नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन शाखा के तत्वावधान में स्थानीय शाखा कार्यालय पर भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। अध्यक्षता कार्यकारी शाखा अध्यक्ष शांतनु पुरोहित ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता नितिन शर्मा, मनोज तिवारी एवं राजेंद्र मीणा सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबासाहेब के जीवन, संघर्ष और उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनके विचारों को अपनाने और सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुरुषोत्तम मीणा (एसएससी जनरल), पूरनलाल (शाखा उपाध्यक्ष), सुभाष यादव (शाखा कोषाध्यक्ष), राजेंद्र मीणा (सहायक शाखा सचिव), कैलाश नारायण (शाखा उपाध्यक्ष), प्रेमचंद मीणा (सहायक शाखा सचिव), जितेंद्र नामदेव, मथुरा मीणा, नितिन मालवीय, रिपु सुदन प्रसाद, बने सिंह मीणा, अजय कुमार, रूपेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव सागर अग्निहोत्री ने किया, जबकि अंत में संयुक्त शाखा सचिव सचिन यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

---

#### अनुभवी शिक्षक का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान के नारे लगाए

# टीईटी कानून के विरोध में शिक्षक शिक्षिकाएं सड़क पर उतरे, ने हाथों में थामी मशाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अखिल भारतीय सयुंक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले राष्ट्रीय आह्वान पर द्वितीय चरण के विरोध प्रदर्शन में सैकडों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शहर के नगर संसाधन केन्द्र पर एकत्रित होकर टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में हाथों में मशाल व तख्तियां लेकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एक विशाल मशाल जुलूस निकालकर टीईटी के काले कानून का विरोध जताया।

शिक्षक-शिक्षिकाएं टीईटी गो वैक, चोरी से किया गया संशोधन स्वीकार नहीं, टीईटी का काला कानून वापिस लो, अनुभवी शिक्षक का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान। शिक्षक का सम्मान नहीं, तो शिक्षा का उत्थान नहीं के जोशीले स्वर में नारे लगाते हुए निर्धारित मार्ग पर सुव्यवस्थित पंक्तिवद्ध चल रहे थे। शिक्षक- शिक्षिकाओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए टीईटी का विरोध जताया। बताते चलें मशाल जुलूस के महाआंदोलन में हजारों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एकजुटता दिखाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान अखिल भारतीय सयुंक्त शिक्षक महासंघ जिला संयोजक एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध-अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली) जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन ने कहा कि 01 सितंबर 2025 के सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार टीईटी अनिवार्यिता के खिलाफ इस काले कानून के विरोध में सैकडों की संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हाथों में मशाल और तख्तियां लेकर सडकों पर उतरकर विरोध दर्ज कराया। सुप्रीम कोर्ट, केन्द्र व राज्य सरकार से इस आंदोलन के द्वारा मांग की गई कि आरटीई अधिनियम लागू होने से पूर्व सेवारत शिक्षक-शिक्षिकाओं को टीईटी अनिवार्यिता से दूर रखा जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन, जिला कोषाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, अरूण निरंजन, विनय ताम्रकार, सत्येंद्र जैन, विनय रजक, अरविंद सिंह राजपूत, रामरक्षपाल सिंह, मो.मुनीर, आदर्श रावत, अनिल यादव, रामेंद्र यादव, लखनलाल आर्य, इंदर सिंह पटेल, हरिनारायण चौबे, श्याम बिहारी, संजीव सिद्धार्थ, मोहम्मद जाकिर, राजेश साध, हिमांशु मिश्र, जगदीश चौरसिया, रूपसिंह, नरेंद्र पटेल, परशुराम निरंजन, ब्रजेश चौरसिया, राममिलन रजक, रामरक्षपाल राजपूत, रामसेवक निरंजन, संतोष सिद्दीकी, डा. स्मिता जैन, बली हुसैन, विनय रजक, राजीव बजाज, प्रदुम्न जैन, धर्मेंद्र जैन, पुष्पेंद्र जैन, संतोष निरंजन, संजय कुशवाहा, संजीव टडैया, मनोज किलेदार, सचिन, अरविंद राजपूत, दयाशंकर रजक, दीप्ति रानी गुप्ता, नीलम ताम्रकार, अनामिका निरंजन, सुमनलता सेन, कविता साहू, संतोषी, मनीषा राजेंद्र राठौर, अभिषेक राजपूत, अविनेश कुमार, संजय कुशवाहा, दिवाकर शुक्ला, अरविंद सिंह, बाबूलाल वर्मा, ध्यानचंद, महेंद्र पंथ, मनीराम, गोरी शंकर सेन, गिरीश साहू, राजीव बजाज, हाकिम सिंह यादव, राघवेंद्र, बाबूसिंह राठोर, गणेश कुमार, स्वदेश भूषण, पंकज जैन, अंतिम जैन, संजय विजरोनिया, संतोषी, नविता शर्मा, रितिका मिश्रा, नीलम गुप्ता, बबीता बुंदेला, अरुणा पाठक, रितु कुशवाहा, विमलेश सोनी, चित्र तिवारी, रोशनी, प्रियंका, विनीता, रचना, बबीता, सोनाली, अनुराधा मोदी, स्वेता मलैया, रजनी, गायत्री, अमित बबेले, संदीप नामदेव, महेश निरंजन, रमाकांत, रामेश्वर, सुरेश रजक, राजेश अनुरागी, जयप्रकाश रजक, करन लाल, अशोक, भगीरथ, प्रदीप राठौर, सुरेश कुमार, कल्यान सिंह, जेपी गौतम, दिलीप सेन, परिवेश मालवीय, टीकाराम अहिरवार, राजेश निरंजन, उदयभान सिंह, पुरुषोत्तम, राजकुमार झां, मो.असलम, इंद्रपाल निरंजन, रविंद्र निरंजन, बृजेश झां, पुष्पेंद्र पटेल, सूरज राजवंश, हिमांशु पटेल, मयंक, निशांत कुमार, चंद्रकुमार राजपूत, मुकेश कुशवाहा, महेंद्र, ललित, देवेंद्र कुशवाहा, सुरेश निरंजन, सुजान सिंह, राजेश अनुरागी, दीपेंद्र पुरिहित, अमन नामदेव, ब्रजेन्द्र सिंह, मथुरा दास, राघवेंद्रसिंह, रामनरेश जाट, अयूब खान, राजेश वर्मा के अलावा हजारों की संख्या में शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

---

#### नगर पालिका ने कमर कसी

## भीषण गर्मी में राहत देने 26 वार्डों में टैंकरों से जलापूर्ति




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में बढ़ती गर्मी और गिरते जलस्तर के बीच जिलाधिकारी के निर्देशन में जल संस्थान ने पेयजल संकट से निपटने के लिए कमर कस ली है. विभाग द्वारा पाइपलाइन विहीन और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से निशुल्क पानी पहुँचाया जा रहा है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता ने बताया कि नगर पालिका परिषद के 26 वार्डों में नियमित निगरानी की जा रही है। वर्तमान में पाइपलाइन के जरिए लगभग 45 एमएलडी जल की आपूर्ति कर 1.74 लाख लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा, 7 नलकूपों और 2 ओपन वेल के माध्यम से भी 1 एमएलडी अतिरिक्त जलापूर्ति की जा रही है। जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन नहीं है, वहां विभाग टैंकरों से जलापूर्ति सुनिश्चित कर रहा है। जारी आंकड़ों के अनुसार गांधीनगर 5 ट्रिप टैंकर, आजादपुरा 4 ट्रिप टैंकर, खिरकापुरा 3 ट्रिप टैंकर, सिविल लाइन 1 ट्रिप टैंकर, कुल मिलाकर अब तक लगभग 46 एमएलडी पानी जनता तक पहुँचाया जा रहा है। जल संस्थान द्वारा खराब हैण्डपम्पों को सुधारने का अभियान भी चलाया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा दी गई 196 खराब हैण्डपम्पों की सूची में से अब तक 58 हैण्डपम्पों को ठीक कर लिया गया है, जबकि शेष पर कार्य जारी है। वर्तमान में शहर में 699 हैण्डपम्प सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने आमजन की सुविधा के लिए कलेक्ट्रेट स्थित जिला इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष) में हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए है। पेयजल संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए नागरिक कक्ष संख्या-33 पर संपर्क कर सकते हैं।

**पाइपलाइन के जरिए 1.74 लाख लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा**

---

## मारपीट मामले में आमने-सामने आए दो पक्ष, पुलिस ने दर्ज की क्रॉस एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो पक्षों के बीच मारपीट और गाली-गलौज का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र की निवासी रजनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अप्रैल की रात करीब 8.30 बजे जब वह अपने पुत्र आशु के साथ रास्ते से जा रही थीं, तभी आरोपी राहुल शर्मा ने उन्हें रोककर अभद्रता की। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट की और बचाने आए उनके पुत्र को भी पीटा। इसके साथ ही आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी राहुल शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष के एड. राहुल शर्मा ने जवाबी आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। राहुल का कहना है कि वह वेस्टन कैफे पर बैठकर चाय पी रहे थे, तभी रजनी जोशी, अशोक जोशी, आशु जोशी और तीन अज्ञात लोगों ने उन पर हमला कर दिया। राहुल का आरोप है कि मारपीट के दौरान उनका मोबाइल फोन और जेब में रखे 250 रुपये भी गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने इस शिकायत पर रजनी जोशी व अन्य के खिलाफ मामला पंजीकृत किया है।


### तीसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई एफआईआर

इधर तीसरे पक्ष की ओर से पीड़ित अजित कुमार ने बताया कि सोमवार (13 अप्रैल) की रात करीब 8.30 बजे जब वह रास्ते से गुजर रहे थे, तभी आरोपी राहुल शर्मा ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बिना किसी कारण के राहुल शर्मा ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने तीसरे पक्ष की तहरीर पर राहुल शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

---

## अवैध खनन व ओवरलोडिंग पर सख्ती तीन डंपर सीजकर 1.65 लाख का जुर्माना ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध पुलिस द्वारा सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने विभिन्न प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान संदिग्ध एवं ओवरलोड वाहनों की गहन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तीन ओवरलोड डंपरों (ट्रकों) को सीज किया गया तथा कुल 1 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम के तहत अन्य उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की गई। चैकिंग के दौरान वाहन चालकों को निर्धारित भार क्षमता के अनुसार ही माल परिवहन करने और वैध प्रपत्रों के साथ वाहन संचालन के निर्देश दिए गए। साथ ही यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया तथा अवैध खनन व ओवरलोडिंग से होने वाली दुर्घटनाओं और राजस्व हानि के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

---

#### कवि सम्मेलन व मुशायरा

## अंबेडकर जयंती पर साहित्यकारों ने रचनाएं प्रस्तुत कर समां बांधा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर तालाबपुरा स्थित एक विद्यालय में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कौमी एकता की प्रतीक साहित्यिक संस्था हिंदी-उर्दू अदबी के तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष सोनाली जैन उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता पूर्व सीएमओ डा.खेमचंद वर्मा ने की। संचालन रामकृष्ण कुशवाहा एड.ने किया। शुरुआत बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। संचालन करते हुए रामकृष्ण कुशवाहा ने कहा कि सोई हुई कौम थी, बाबा जगा गए, सम्मान से हमें जीना सिखा गए। उन्होंने अपनी पंक्तियों के माध्यम से अंबेडकर के योगदान को याद किया। कवि सम्मेलन में महेश नामदेव ने व्यंग्य के माध्यम से समाज की विसंगतियों पर प्रहार किया। राधेश्याम ताम्रकार ने गजल प्रस्तुत करते हुए वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर चिंता व्यक्त की। युवा शायर सरबर हिंदुस्तानी ने जिंदगी के विभिन्न पहलुओं को अपनी शायरी में बयां किया। बुंदेली रचनाओं के लिए प्रसिद्ध शील चंद्र शास्त्री ने अपनी विशिष्ट शैली में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की एकमात्र महिला कवयित्रीचांदनी शर्मा ने अपनी रचना से श्रोताओं का मन मोह लिया। एम.आर. खान ने इश्क और भावनाओं पर आधारित शायरी प्रस्तुत की। अध्यक्षीय संबोधन में डा.खेमचंद वर्मा ने देश में भाईचारे और एकता का संदेश देते हुए कहा कि भारत को फिर से सोने की चिड़िया बनाने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। कार्यक्रम में पलाश कश्यप, जलील पक्ष, बृजेश श्रीवास्तव सहित अनेक कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

इस अवसर पर कृपाल सिंह यादव, लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, धुरव साहू, नारायण सिंह यादव, दिनेश कुमार, अनिल यादव, रोहित यादव, नैंसी, संजीव झा, पूजा देवी, जगदीश यादव समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में प्रसिद्ध पाश्र्व गायिका आशा भोंसले के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया।

**मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन थी**

---

## दो वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में पेश किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मड़ावरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रज्जू पुत्र वंशी एवं किशोरी लाल पुत्र घनश्याम, दोनों निवासी ग्राम साढ़ूमल थाना मड़ावरा, जनपद ललितपुर शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को नियमानुसार गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। यह कार्रवाई थाना मड़ावरा के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में की गई। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत आगे भी वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी हैं।

### जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट और उसे जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में ग्राम कल्यानपुरा निवासी बृजेश साहू पुत्र शिवनारायण ने बताया कि बीते शुक्रवार (10 अप्रैल) की रात करीब 08.30 बजे वह ललितपुर से अपने गांव जा रहा था। आरोप है कि जब वह कल्यानपुरा रोड पर सिद्ध बाबा के पास पहुंचा, तभी गांव के ही संजू यादव और रवि यादव ने उसे रास्ते में रोक लिया। पीड़ित का आरोप है कि दोनों आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर उसे गालियां देना शुरू कर दिया।

---

## मतदान व मतगणना कार्मिकों का रुका मानदेय, बैंक विवरण जमा करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद पर वर्ष 2025 में संपन्न हुए उप-निर्वाचन में नियुक्त मतदान और मतगणना कार्मिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। ई-भुगतान के दौरान तकनीकी त्रुटियों के कारण बड़ी संख्या में कार्मिकों का पारिश्रमिक वापस (रिटर्न) हो गया है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह ने बताया कि मार्च 2026 में कोषागार के माध्यम से पारिश्रमिक भुगतान की कार्यवाही की गई थी। हालांकि, 246 कार्मिकों द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खाते त्रुटिपूर्ण होने के कारण धनराशि कोषागार से वापस हो गई है। हैरानी की बात यह है कि अब तक केवल 50 कार्मिकों ने ही सुधार हेतु अपने सही बैंक खाते का विवरण कार्यालय को उपलब्ध कराया है। जिन कार्मिकों का भुगतान रुका है, उन्हें निर्देशित किया गया है कि वह अपना शुद्ध विवरण जल्द से जल्द जमा करें। कार्मिकों को शुद्ध बैंक खाता संख्या आईएफएससी कोड, बैंक का नाम लिखकर यह जानकारी कार्मिक पुरानी तहसील ललितपुर स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या वाट्सएप पर बैंक पासबुक की पीडीएफ भेजकर अपना विवरण दे सकते हैं। कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि विवरण प्राप्त होते ही रिटर्न बिल दोबारा कोषागार में प्रस्तुत किए जाएंगे ताकि ई-भुगतान की प्रक्रिया को यथाशीघ्र पूर्ण किया जा सके।

---

#### हर्षोल्लास से मनाई बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती

## जिला, तहसीलों, विकासखंडों सहितक्षेत्रों में निकाली शोभा यात्राएं

**संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं समानता की दिलाई शपथ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं समानता के संदेश के साथ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में जनपद में हर्षोल्लास के साथ भारतरत्न बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, समाज सेवियों व जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब की प्रतिमाओं और चित्रों पर माल्यार्पण किया और भावपूर्ण नमन करते हुए संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं समानता की शपथ दिलाई। इसी श्रृंखला में विकास भवन सभागार में मुख्य आयोजन किया गया, जिसमें सीडीओ शेषनाथ चौहान ने बाबासाहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और बाबा साहब के जीवन मूल्यों और उनकी प्रेरणाओं के बारे में सभी को बताते हुए संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय एवं समानता की शपथ दिलाई। समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावपूर्ण नमन किया। सीडीओ ने कहा कि बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर से हम सभी को न्याय और समानता की प्रेरणा मिलती है। देश के संविधान निर्माण में उनके द्वारा किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे सामाजिक समानता के प्रणेता थे। उन्होंने समाज को सदैव शिक्षित, संगठित और संघर्ष शील बनने के लिए प्रेरित किया। बाबासाहब डा.भीमराव अंबेडकर का मुख्य संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो था। उन्होंने शिक्षा को सशक्तिकरण का मूल मंत्र माना, आत्मसम्मान के साथ जीने, महिलाओं की प्रगति को समाज की प्रगति का पैमाना मानने, और लोकतांत्रिक मूल्यों (स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व) के लिए निरंतर संघर्ष करने का आह्वान किया। मुख्य आयोजन के साथ जनपद की समस्त तहसीलों, विकास खंडों और सभी सरकारी कार्यालयों और अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब की जयंती मनाई गई और विभिन्न क्षेत्रों में शोभा यात्राएं भी निकली गईं, जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ी। जिला प्रशासन द्वारा शोभायात्राओं के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्व से ही कर ली गई थीं। नगर क्षेत्र के अम्बेडकर पार्क में अंबेडकर महासभा के तत्वाधान में भी जयंती समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक सहित, डीआईओएस ओम प्रकाश सिंह, प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, पिछड़ा वर्ग, कृषि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवियों तथा जनप्रतिनिधियों व अम्बेडकर महासभा के दीपक गौतम ने बाबासाहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### खाद्य, नागरिक आपूर्ति ने जारी कर रखे हैं आदेश, दुकानों पर पहुंचा राशन

# 12 लाख 89 हजार उपभोक्ताओं को मई और जून का इकट्ठा दे रहे राशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत जिले के सभी पात्र उपभोक्ताओं को इसी अप्रेल माह में मई एवं जून का भी इकट्ठा राशन देना शुरू कर दिया गया है। विभाग ने सभी राशन दुकानों पर गेहूं, चावल, शक्कर, नमक आदि पहुंचवा भी दिए हैं। गत 13 अप्रैल से जिले के 12 लाख 89 हजार के लगभग पात्र हितग्राहियों को राशन का वितरण आरंभ करवा दिया गया है।

दरअसल, मध्यप्रदेश शासन की इच्छा है कि हेतु पूर्व से गोदामों में पड़े गेहूं को खाली करवा दिया जाए ताकि इस नए सीजन के गेहूं के भंडारण में किसी तरह की कोई परेशानी न आए। इसके साथ ही पात्र उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

#### इकट्ठा राशन देने का यह है कारण


दरअसल, जिले सहित पूरे प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य शुरू हो चुका है। चूंकि, पहले से ही सभी सरकारी और निजी गोदाम गेहूं से भरे पड़े हैं इसलिए शासन पहले इस गेहूं को उपभोक्ताओं को वितरित करवाते हुए आ रही फसल गोदामों में सुरक्षित रखेगा। यद्यपि, आदेश में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है।

#### दुकान संचालक स्वयं लगा रहे पात्रों को फोन

जारी आदेश के तहत मार्च एवं अप्रेल माह का एकमुश्त राशन सभी उपभोक्ताओं को दिया जा चुका है। अब 13 अप्रेल से मई एवं जून 2026 वाला राशन भी एडवांस में देना शुरू कर दिया गया है। दुकान संचालकों द्वारा भी उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वे निर्धारित समय सीमा में दुकानों पर पहुंचकर अपन गेहूं, चावल, शक्कर, नमक आदि प्राप्त लें।

#### सभी सेल्समेन को दे दिए गए हैं आदेश

उक्त संबंध में खाद्य विभाग ने जिले के सभी राशन विक्रेताओं को पूर्व से आदेश दे दिए हैं। इसके साथ ही निर्देशित किया जा चुका है कि अगर किसी विक्रेता के पास स्टॉक में राशन नहीं है तो वो उसका उठाव सुनिश्चित करे ताकि उपभोक्ताओं को किसी तरह का कोई असमंजस न हो।



"घ" खण्ड, प्रथम तल, विन्ध्याचल भवन, भोपाल- मध्यप्रदेश

क्रमांक 2022 /खाद्य/2026 भोपाल, दिनांक 08/04/20..

प्रति,

समस्त कलेक्टर्स,
मध्यप्रदेश।

विषय- मार्च- अप्रैल एवं मई- जून माह में दो-दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण करने बाबत्।

संदर्भ- 1. संचालनालयीन पत्र क्रमांक 1505 दिनांक 11 मार्च, 2026
2. भारत सरकार द्वारा बैठक दिनांक 07.04.2026 (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से) में दिए गए निर्देश

-----

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित संचालनालयीन पत्र द्वारा मार्च- अप्रैल एवं मई- जून माह में दो-दो माह की राशन सामग्री का अग्रिम आवंटन एवं वितरण हेतु समय-सीमा निर्धारित कर समस्त जिलों को अवगत करायी गयी थी, भारत सरकार द्वारा NFSA अंतर्गत माह मार्च, अप्रैल, मई, जून 2026 के अग्रिम आवंटन, उठाव एवं वितरण के संबंध में ली गयी बैठक दिनांक 07.04.2026 (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से) में विस्तृत निर्देश दिए गए हैं, जिसके परिपालन में प्रदेश में मार्च, अप्रैल, मई, जून 2026 के अग्रिम आवंटन, उठाव एवं वितरण की संशोधित समय-सीमा निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :-

| क्र. | माह का नाम | उठाव की समय-सीमा | वितरण की समय-सीमा |
|---|---|---|---|
| 1 | मार्च | 09 अप्रैल, 2026 तक | 9 अप्रैल 2026 तक |
| 2 | अप्रैल 2026 | | 12 अप्रैल 2026 तक |
| 3 | मई एवं जून 2026 | 02 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक | 13 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक |

उपरोक्त संशोधित समय-सीमा का अनिवार्यतः पालन सुनिश्चित करते हुए राशन सामग्री का उठाव एवं NFSA अंतर्गत पात्र परिवारों को वितरण करवाने का कष्ट करें। आवंटन, उठाव एवं वितरण के संबंध में संचालनालयीन संदर्भित पत्र क्रं. 1505 दिनांक 11 मार्च, 2026 के शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

(कर्मवीर शर्मा)
आयुक्त,
खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण,
मध्यप्रदेश

#### फैक्ट फाइल

- विभाग: खाद्य विभाग, राजगढ़
- जिले में कुल कार्ड: 295971
- कुल सदस्य: 1289817
- लाभ: मई और जून का राशन अप्रैल माह में।

#### इनका कहना है...

शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत मई एवं जून का राशन भी पात्र उपभोक्ताओं को देना आरंभ करवा दिया गया है। सभी राशन दुकान संचालकों ने उठाव भी कर लिया है।

अजीत कुमारी केसरी, डीएसओ, खाद्य विभाग, राजगढ़

## दो कार की आमने-सामने भिड़ंत, पांच गंभीर घायल



जीरापुर। छापीहेड़ा-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग झाड़मऊ जोड़ के पास दो कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुघर्टना में छह व्यक्ति घायल हो गए। यह हादसा तेज रफ्तार के कारण हुई, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दुर्घटना में 5 लोग गंभीर घायल हो गए, वहीं एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस एवं लोगों की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार दौरान बाहर रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार एक शादी समारोह से वापस अपने गांव रसूलपुरा (खुजनेर) की ओर जा रही अल्टो कार एवं सामने से आ रही कार की झाड़मऊ जोड़ के पास आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिसमें पांच लोग गंभीर घायल हो गए, एक व्यक्ति को मामूली चोटे आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल जीरापुर लाया जहां प्राथमिक उपचार के दौरान बाहर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है दुर्गेश दामड़ियि और अनिल दामड़ियि निवासी सोयतकलां एक कार में सवार थे दोनों गंभीर घायल हो गए हैं। वहीं दूसरी कार में पवन पालीवाल 40 वर्ष निवासी रसूलपुरा , ललिताबाई 60 साल निवासी रसूलपुरा , बाबूलाल 60 साल निवासी रसूलपुरा ,गोकुल निवासी धुंआखेड़ी बमोरी सवार थे इनमें से तीन लोग गंभीर घायल हो गए।

### सोमवार रात्रि गोली मारकर की थी हत्या

## रामबाबू के हत्यारे दोनों भाईयों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

#### पुराने परिवारिक विवाद में की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कोतवाली थानांतर्गत भगवतीपुर गांव में सोमवार देर रात्रि रामबाबू पिता भारत सिंह गुर्जर (28 वर्ष) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुराने परिवारिक विवाद में हुई इस हत्या के मामले में पुलिस ने मृतक के ताऊ के लड़के विशाल पिता करणसिंह गुर्जर एवं होकम पिता प्यारजी गुर्जर पर बीएनएस 103 एवं 25 आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है।

वारदात के बाद से ही दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। कोतवाली पुलिस द्वारा सरगर्मी से आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद से गांव में भारी पुलिसबल भी तैनात है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार आरोपी शुरू से झगड़ालू प्रवत्ति के हैं और काफी समय से वारदात को अंजाम देने के प्रयास में थे। गोली चलाने के बाद आरोपियों ने मृतक रामबाबू का चेहरा पत्थरों से भी कुचल दिया था।

#### पोस्टमार्टम रूम के बाहर लगी भारी भीड़

मंगलवार सुबह जिला अस्पताल के शवगृह में मृतक रामबाबू गुर्जर का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौजूद रहे। पुलिस की मौजूदगी में रामबाबू का शव गांव पहुंचाया गया जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। बताया जा रहा है कि आरोपियों और मृतक के परिवार के बीच काफी समय से विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद ने सोमवार रात्रि बड़ा रूप ले लिया और विशाल गुर्जर और होकम ने मिलकर रामबाबू की हत्या कर दी।

#### निरस्त होंगे सशस्त्र लायसेंस

हत्या की इस वारदात के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों एवं परिवार के पास मौजूद शस्त्र लायसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया कर रही है। आरोपियों सहित अन्य संबंधितों एवं ग्रामीणों के लायसेंस भी निरस्त किए जा सकते हैं।

## भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई, जनप्रतिनिधियों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर




भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मंगलवार को नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रतिमा स्थल पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सुबह 9 बजे वार्ड क्रमांक 03 स्थित आंबेडकर पार्क पर प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश मंडलोई, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, बृजकिशोर मीणा, रवि पाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में लाने के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को समानता और न्याय का अधिकार दिलाया। उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर कैलाश पंडाजी, मुरारी मीणा, दिलीप बना, आत्माराम पटेल, हृदेश चन्द्रवंशी, मनोहर प्रजापति, अनोखीलाल कोटिया, लखन राजपूत, बद्रीलाल कुशवाह, हेमराज मीणा आदि मौजूद रहे।

### बाबा साहेब को किया नमन, अर्पित किए श्रद्धा सुमन



नरसिंहगढ़। भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मंगलवार को नगर में श्रद्धा और सम्मान का वातावरण देखने को मिला। नेहरू पार्क स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर भाजपा, कांग्रेस, बसपा, आम आदमी पार्टी सहित अन्य दलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में पहुंचे। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों को याद किया और सामाजिक समरसता व समानता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने जय भीम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है, जिससे आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर सभी ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराते हुए शिक्षा, समानता और संविधान के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

## सेन महाराज की जयंती पर निकाला चल समारोह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

संत शिरोमणि सेन महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर सर्व सेन समाज नगर खुजनेर एवं ग्रामीण क्षेत्र समिति द्वारा मंगलवार को चल समारोह निकाला गया। चल समारोह की शुरुआत मांगलिक भवन से पूजन-अर्चन के साथ हुई। इसके बाद चल समारोह नगर के प्रमुख मार्ग राजगढ़ चौराहा, शिवाजी बाजार, मजीद चौक और हाट बाजार से होती हुई पुनः मांगलिक भवन पहुंचा। इस दौरान रास्तेभर समाजजनों और नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह का स्वागत किया। समारोह में शामिल श्रद्धालु भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर आगे बढ़ते रहे। नगर में कई स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए, जहां समाजबंधुओं का स्वागत किया गया।

## चिड़ीखो वन में भीषण आग, छोटे महादेव मंदिर तक पहुंची लपटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



नगर के समीप स्थित चिड़ीखो वन क्षेत्र में मंगलवार को भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग छोटे महादेव बीट के विभिन्न हिस्सों में एक साथ भड़क उठी और तेज हवाओं के चलते तेजी से फैलते हुए छोटे महादेव मंदिर के समीप तक पहुंच गई। अचानक भड़की इस आग से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दोपहर में धुँआली तालाब के ऊपरी हिस्से से उठता घना धुआं दूर-दूर तक दिखाई दे रहा था। हाईवे क्रमांक-46 से गुजर रहे राहगीरों ने इस भयावह दृश्य को अपने मोबाइल में कैद किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग कई स्थानों पर एक साथ फैली हुई दिखाई दी।

सूचना मिलते ही वन समिति एवं अभ्यारण्य (सेंचुरी) का अमला मौके पर पहुंच गया और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए गए। वनकर्मियों द्वारा सीमित संसाधनों के बीच लगातार मशक्कत की जा रही है, लेकिन देर शाम तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका। आग पर नियंत्रण पाने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है। प्रारंभिक स्तर पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि सूखी घास और तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

## आंबेडकर जयंती पर जमात मंदिर घाट की हुई सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद नगर समिति बाराद्वारी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत परशुराम सागर स्थित जमात मंदिर घाट पर विशेष साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम के दौरान घाट क्षेत्र में फैली गंदगी को हटाया गया तथा वहां उग रहे खरपतवार की सफाई कर परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया गया। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से घाट पर गंदगी न फैलाने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष विनोद नामदेव, सचिव सुनील साहू, मंदिर जमात के महंत दीपेन्द्र दास, वार्ड 14 के पार्षद कमल चौरसिया, गौशाला उपाध्यक्ष जितेंद्र यादव (बब्बू), हेमंत पुष्पद, भैयालाल, राम गुप्ता, प्रमोद साहू, जी.एस. पांडेय एवं भगवान सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्राम लोधीपुरा में मनाई गई बाबा साहब की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती ग्राम लोधीपुरा में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। गादिया ब्लॉक मंडलम अध्यक्ष विजय सिंह लववंशी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद उपस्थितजनों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय का जो मार्ग दिखाया, वह आज भी प्रासंगिक है।

### नगर परिषद में संविधान निर्माता की जयंती मनाई

जीरापुर। स्थानीय नगर परिषद सभागार में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। जहां



विधायक हजारीलाल दांगी ने कहा कि बाबा साहब की ऐसे महान पुरुष है जिनकी जयंती मनाकर सभी धन्य होते हैं। संविधान का निर्माण नहीं होता तो देश कैसे चलता बाबा साहब ने देश को दिशा दी उनके द्वारा सही रूप में संविधान लागू किया, जिससे देश की कानुन व्यवस्था से लेकर आज देश का विकास संभव हुआ। इस मौके पर भाजपा जनप्रतिनिधि सहित डा. रामचरण किरार, महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, पूर्व बीईओ गोवर्धन सिंह वर्मा, जगदीश वर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवांर, कमल झावा, दीपक नगर परिषद सीएमओ हरीओम शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन नपा कर्मचारी कमल भावसार तथा आभार नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह ने माना।

## संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती पर निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के अवसर पर सेन समाज द्वारा चल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बटकेश्वर मंदिर पर पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ हुई, जिसके बाद समाजजनों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ चल समारोह निकाला। चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जिसमें महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालुजन हाथों में ध्वज एवं बैनर लेकर भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ रहे थे। कई स्थानों पर समाजजनों एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर जुलूस का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, जुगल चौहान, सुदर्शन चौहान, रवि सेन सहित समाज के वरिष्ठजनों ने सेन महाराज के जीवन, उनके आदर्शों एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

### मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम

## भाजपाईयों ने हाथ में झाड़ू उठाकर की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर राजगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में मंगल भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने हाथ में झाड़ू उठाकर प्रतिमा स्थल के आसपास काफी समय तक साफ-सफाई करते हुए बाबा साहब को श्रृद्धांजलि अर्पित की।

इस पूरे आयोजन में मंडल अध्यक्ष मौर्य की सक्रिय भूमिका देखने को मिली। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने न सिर्फ सफाई अभियान को सफल बनाया, बल्कि पूरे कार्यक्रम में ऊर्जा और उत्साह का माहौल भी कायम रखा। सचिन मौर्य ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समानता और अधिकारों की प्रेरणा का प्रतीक है, और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में न्याय और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी सहित अनेक प्रमुख लोग इस अवसर पर मौजूद रहे। सभी ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

### घर-घर पहुंच रहे बच्चे, कुप्रथा के उन्मूलन का संदेश

## बाल विवाह के खिलाफ मैदान में उतरे बच्चे, किशोर और युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ अब एक सकारात्मक और सशक्त माहौल बनता दिखाई दे रहा है। खास बात यह है कि इस बदलाव की अगुवाई अब स्वयं बच्चे, किशोर और युवा कर रहे हैं। वे न केवल जागरूक हो रहे हैं, बल्कि अपने गांवों में छोटी-छोटी बैठकों के माध्यम से समाज को भी जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

गांव-गांव में आयोजित इन बैठकों में बाल विवाह के दुष्परिणामों पर खुलकर चर्चा की जा रही है। बच्चों और युवाओं को बताया जा रहा है कि कम उम्र में विवाह से शिक्षा बाधित होती है, स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है और जीवन की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। इन चर्चाओं का असर यह हो रहा है कि अब किशोर और युवा इस कुप्रथा के खिलाफ खुलकर सामने आ रहे हैं और इसके विरोध में एकजुट हो रहे हैं। अहिंसा के पीस वॉलिंटियर्स इस मुहिम को मजबूती देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। करीब 40 गांवों में सक्रिय ये वॉलिंटियर्स लगातार नजर बनाए हुए हैं और नियमित रूप से गांवों में बैठकों का आयोजन कर रहे हैं। इन बैठकों में बच्चों और किशोरों के साथ संवाद स्थापित किया जाता है, जिससे वे अपने अधिकारों को समझ सकें और गलत परंपराओं के खिलाफ आवाज उठाने का साहस जुटा सकें।

#### बाल-विवाह की सूचना मिले तो सांझा करें

वॉलिंटियर्स द्वारा बच्चों और ग्रामीणों को यह भी स्पष्ट रूप से समझाया जा रहा है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले, तो उसे तुरंत साझा करें, ताकि समय रहते उसे रोका जा सके। इस सतर्कता और सहभागिता का असर अब धीरे-धीरे सामने आने लगा है। कई स्थानों पर बाल विवाह की सूचनाएं समय पर मिलने से उन्हें रोका जा सका है, जो इस अभियान की सफलता का प्रमाण है। अहिंसा टीम का मानना है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास ही सबसे प्रभावी रास्ता है। उन्होंने बताया कि अब बच्चे और युवा स्वयं आगे आकर इस सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, जो एक सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है। टीम का कहना है कि जब समाज का प्रत्येक वर्ग- चाहे वह परिवार हो, समुदाय हो या युवा पीढ़ी- एकजुट होकर जिम्मेदारी निभाएगा, तभी बाल विवाह जैसी कुरीतियों को जड़ से खत्म किया जा सकेगा।